दिनांक–10.06.2024 समय–7.10एएम

<u>प्रादेषिक समाचार</u>

<u>आकाशवाणी, भोपाल</u>

<u>प्रातःकालीन समाचार</u>

मुख्य समाचार :–

- तीसरे कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित 72 मंत्रियों ने ली षपथ।
- प्रदेष के 5 लोकसभा सांसदों को केन्द्रीय मंत्रिपरिषद में मिली जगह। तीन कैबिनेट और दो राज्य मंत्री बनाए गए।
- प्रदेष में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन जारी।
- टी–20 विष्वकप में भारत ने पाकिस्तान को 6 रनों से हराया।

समाचार विस्तार सेः–

<u>शपथ ग्रहण समारोह</u>

वरिष्ठ भाजपा नेता नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। कल शाम राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने श्री मोदी और नई मंत्रिपरिषद के 71 सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस समारोह में 30 कैबिनेट मंत्री, पांच राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और छत्तीस राज्य मंत्रियों को शपथ दिलाई गई। वरिष्ठ भाजपा नेता राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, डॉ. एस जयशंकर, पीयूष गोयल, धर्मेंद्र प्रधान, निर्मला सीतारामण और जगत प्रकाश नड्डा ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। पार्टी नेता किरेन रीजीजू, प्रह्लाद जोशी, ज्योतिरादित्य सिंधिया, भूपेन्द्र यादव, गजेंद्र सिंह शेखावत ने भी कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, मनोहर लाल और सर्बानंद सोनोवाल को भी कैबिनेट मंत्री की शपथ दिलाई गई।

इसके अलावा, कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और जनता दल (एस) नेता एच.डी. कुमारस्वामी, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और हिंदुस्तान अवामी मोर्चा प्रमुख जीतन राम मांझी, जनता दल यूनाईटेड के राजीव रंजन सिंह, तेलगु देशम पार्टी के किंजरापु राम मोहन नायडू और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) प्रमुख चिराग पासवान ने भी कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली।

भारत के पड़ोसी देशों के कई शीर्ष नेताओं ने भी शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया। इनमें श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू शामिल हैं। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, भारत के मुख्य न्यायाधीश डॉ. डी वाई चंद्रचूड़ और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित कई गणमान्य व्यक्ति और विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री भी मौजूद थे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने वाले पड़ोसी देशों के नेताओं के सम्मान में कल रात राष्ट्रपति भवन में रात्रि भोज का आयोजन किया। राष्ट्रपति ने इन नेताओं का स्वागत करते हुए शपथ ग्रहण समारोह का निमंत्रण स्वीकार करने और

लोकतंत्र के इस उत्सव में शामिल होने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। इस बीच नवगठित केंद्रीय मंत्रिमंडल की पहली बैठक आज शाम को होने की संभावना है।

प्रदेश कैबिनेट मंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कल हुए शपथ ग्रहण समारोह प्रदेश के 5 लोकसभा सांसदों को मंत्री परिषद में शामिल किया गया है। इनमें पूर्व मुख्यमंत्री और विदिशा से सांसद शिवराज सिंह चौहान, गुना से सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया, टीकमगढ़ के सांसद, डॉ. वीरेंद्र कुमार को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है। साथ ही बैतूल सांसद दुर्गा दास उईके और धार की सांसद सावित्री ठाकुर को राज्य मंत्री बनाया गया है। श्री उईके और सावित्री ठाकुर को पहली बार मंत्री बनाया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शपथ ग्रहण के पश्चात तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में चयन पर हार्दिक बधाई दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शपथ ग्रहण समारोह में भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश से केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किए गए कैबिनेट मंत्री और राज्य मंत्रियों को मंगल कामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश से राज्यसभा सदस्य एल मुरूगन के केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल होने पर उन्हें भी बधाई दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्वास व्यक्त किया कि मध्यप्रदेश को केंद्रीय मंत्रिमंडल में प्राप्त प्रतिनिधित्व मध्यप्रदेश के विकास को नए आयाम प्रदान करेगा।

नए कानून

देशभर में 01 जुलाई, 2024 से तीन नए आपराधिक कानून लागू होने जा रहे हैं। इसके संबंध में पुलिस प्रशासन को जानकारी देने का काम भी निरंतर जारी है। प्रदेश में भी इस संबंध में लगातार प्रशिक्षण, बैठकों और अन्य माध्यमों से कानून के बारे में पुलिस विभाग के हर अंग को प्रशिक्षित किया जा रहा है। बैतूल जिले में भी प्रशिक्षण का दौर जारी है। इस बारे में बैतूल जिले के पुलिस अधीक्षक निश्चल एन झारिया ने आकाशवाणी को बताया...

जल गंगा संवर्धन अभियान–प्रदेष

इंदौर जिले में जल संरक्षण और संवर्धन के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 923 कार्यों के लिए पौने 8 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की गई है। अभियान के अंतर्गत 6 नदी, 75 तालाब, 57 कुयें/बावड़ी, 24 स्टापडेम तथा 244 अन्य जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार के कार्य कराये जायेंगे। इसी तरह 118 रेनवॉटर हार्वेस्टिंग के कार्य भी होंगे। जिले में वर्षाकाल में पौधारोपण की तैयारी की जा रही है। प्रति पंचायत एक हजार पौधों के हिसाब से कुल 3.34 लाख पौधारोपण करने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान के अंतर्गत आगरमालवा जिले की बड़ौद नगर परिषद द्वारा कल निकाली गई यात्रा में जल बचाव का संदेश दिया गया। गुना में ग्राम सिंगवासा के तालाब का जल संरक्षण व जल भराव के लिए गहरीकरण का कार्य चल रहा है। कार्य का निरीक्षण करने कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह कल पहुंचे। रायसेन की पुरानी बस्ती में प्राचीन कुंओं का जीर्णोद्धार किए जाने के लिए नगर पालिका द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। बैतूल में कल हनुमान मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा प्रमुख मार्गों से होते हुए संतोषी माता मंदिर पहुंची।

## जनजातीय संग्रहालय–'महुआ महोत्सव'

मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय की स्थापना के ग्यारहवें वर्षगाँठ समारोह का 'महुआ महोत्सव' का आज आज समापन दिवस है। आज शाम 6.30 बजे से मध्यप्रदेश के लोक संगीत के साथ–साथ गुजरात, तेलंगाना, उड़ीसा एवं मणिपुर राज्यों की विभिन्न नृत्य प्रस्तुतियाँ संयोजित की जा रही हैं। इसके पहले कल चौथे दिवस महोत्सव में निमाड़ के लोक संगीत की प्रस्तुति दी गई। इसके अलावा गुदुमबाजा नृत्य, परघौनी नृत्य की प्रस्तुती दी गई। वहीं महोत्सव में तेलंगाना राज्य की नृत्य प्रस्तुतियाँ दी गईं।

## टी20 विष्वकप क्रिकेट

भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने कल न्यूयॉर्क में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप क्रिकेट में पाकिस्तान को 6 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम 19 ओवर में 119 रन बनाए। ऋषभ पंत ने 42 रन की पारी खेली। पाकिस्तान के लिए हारिस रऊफ और नसीम शाह ने तीन–तीन जबकि मोहम्मद आमिर ने दो विकेट लिए।

120 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 113 रन ही बना सका। भारतीय टीम ने टी20 विश्व कप मैचों में अपनी 7वीं जीत दर्ज की। आखिरी दो ओवर में पाकिस्तान को 21 रन चाहिए थे। 19वें ओवर में बुमराह ने केवल तीन रन दिए, जबकि अर्शदीप सिंह ने अंतिम ओवर में पाकिस्तान के बल्लेबाजों को केवल 12 रन ही बनाने दिए। बुमराह ने चार ओवर में सिर्फ 14 रन देकर तीन विकेट लिए। हार्दिक पंड्या ने दो विकेट और अक्षर पटेल तथा अर्शदीप सिंह को एक–एक विकेट मिला। बुमराह को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

## समाचार संक्षेप में .....

- स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने अपना पहला फ्रेंच ओपन खिताब जीत लिया है। पेरिस में कल रात पुरूष सिंगल्स फाइनल में अल्काराज ने जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6–3, 2–6, 5–7, 6–1, 6–2 से हराया।
- धार भोजशाला के सर्वे के 80 वें दिन में सर्वे के दौरान एएसआई टीम को 79 अवशेष प्राप्त हुए हैं। हिंदू पक्ष के प्रतिनिधियो ने दावा किया है कि इसमें से अधिकांश अवशेष और मूर्तियां हिंदू एवं सनातन धर्म संबंधित है
- मंदसौर में कल वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 484 वी जयंती धूमधाम से मनाई गई। महाराणा प्रताप चौराहे पर राजपूत सर्व समाज द्वारा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।
- सीहोर के आष्टा ब्लाक के मुगली गांव में डेंगू फैलने के बाद स्वास्थ्य विभाग एक्टिव हुआ । गांव में घर–घर पहुंचकर जांच करने के साथ जमें हुए पानी को साफ कराया गया है। एहतियात बरतते हुए कल यहां पर स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया गया।
- आगरमालवा जिले के सुसनेर में दस्तक अभियान, पल्स पोलियो अभियान तथा जल जनित बीमारियों की रोकथाम पर समीक्षा बैठक में आगामी 25 जून से शुरू होने वाले पल्स पोलियो की दवाई पिलाने हेतु योजना तैयार की गई।

---